हम समवेत

जबलपुर में पुलिस ने पकड़ी नकली डीएपी खाद की बड़ी खेप, गाड़ी जब्त कर जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर| जिले के नुनसर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए संदिग्ध रूप से लाई जा रही डीएपी खाद की भारी खेप जब्त की है। यह खाद सागर से जबलपुर लाई जा रही थी और आशंका है कि यह नकली है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की गाड़ी सागर से दमोह होते हुए जबलपुर की ओर आ रही है, जिसमें नकली डीएपी खाद भरी हुई है। सूचना के आधार पर नुनसर चौकी प्रभारी विपिन सिंह ने बैरिकेडिंग करवाई और दोपहर करीब दो बजे MP 38 ZD 8508 नंबर की गाड़ी को रोक लिया गया।

गाड़ी को राजा सेन नाम का युवक चला रहा था, जो पुलिस को देखकर घबरा गया। तलाशी लेने पर वाहन में करीब 70 बोरी डीएपी खाद बरामद हुई। पूछताछ में चालक खाद से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया और वाहन को चौकी लाकर खड़ा कर दिया गया। मामले की जानकारी कृषि और खाद्य विभाग को भी दे दी गई।

Source: https://www.humsamvet.com/mp-info/police-caught-a-huge-consignment-of-fake-dap-fertilizer-in-jabalpur-police-seized-the-vehicle-and-started-investigation-33436